# मनपसंद खाना नहीं मिलने पर मारपीट, 5 घायल

**शादी समारोह में हुई मारपीट, 3 लोगों पर एफआईआर दर्ज**









**सलामतपुर, 22 अप्रैल. सलामतपुर थाना क्षेत्र के सत्ती गांव में मंगलवार देर रात लगभग 11 बजे शादी समारोह में पसंद का खाना नही मिलने पर ग्रामीणों और बारातियों के बीच जमकर विवाद हो गया, जिसमें जमकर डंडे चले. इस घटना में पांच लोग घायल हो गए. सभी घायलों को 108 की मदद से सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर सभी को विदिशा रेफर कर दिया.**

सलामतपुर पुलिस ने तीन लोगों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है. फरियादी प्रकाश सहरिया ने बताया कि उसकी भतीजी संजना सहरिया की शादी मंगलवार को थी.बारात रायसेन से आई थी.पूरे घर में शादी की खुशी का माहौल था.

देर रात खाना खिलाते समय पसंद का खाना नही मिलने पर आरोपी विक्की सहरिया, जितेंद्र सहरिया और राजकुमार सहरिया ने जगदीश सहरिया, राहुल सहरिया, रघुवीर सहरिया, राज सहरिया और उमेश सहरिया के साथ विवाद करते हुए डंडों से जमकर मारपीट कर दी.मारपीट से पांच लोगों को सिर, हाथ सहित पैर में गंभीर चोटें आ गईं.वहीं आरोपियों ने मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी भी दी.तत्काल 108 एम्बुलेंस को फोन लगाकर घायलों को सांची सिविल अस्पताल लेकर गए.सभी घायलों का विदिशा अस्पताल में इलाज चल रहा है.

### विवाद के बाद भी हुई शादी

सत्ती गांव में मंगलवार को जगदीश सहरिया की बेटी संजना सहरिया की शादी थी.बारात रायसेन से आई थी. नाचते गाते बाराती सत्ती गांव पहुंचे.जहां वधु पक्ष ने बारातियों का स्वागत किया.और जब बाराती खाना खाने बैठे तो पसंद का खाना नही मिलने पर गांव के विक्की सहरिया, जितेंद्र सहरिया और राजकुमार सहरिया का विवाद राहुल सहरिया, बारातियों रघुवीर सहरिया, राज सहरिया और उमेश सहरिया से हो गया. बात मारपीट तक पहुंच गई.

तीनों आरोपियों ने दुल्हन के पिता जगदीश सहरिया को भी डंडों से मारकर घायल कर दिया. अच्छी बात यह रही कि मारपीट की घटना हो जाने के बाद भी दुल्हन संजना की शादी पूरी रस्मों के साथ हुई और उसकी विदाई भी हो गई.

**इनका कहना है**

सत्ती गांव में शादी समारोह के दौरान मंगलवार रात खाने के बात को लेकर विवाद हो गया था. पांच लोगों को चोटें आई हैं. तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्जकर विवेचना में लिया है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।**

# पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**सिलवानी, 22 अप्रैल. विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना रहा.**

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में लगे वृक्षों और पौधों की साफ-सफाई की गई. इसके पश्चात आयोजित विचार गोष्ठी में छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन पर अपने विचार व्यक्त किए.वक्ताओं ने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है.प्रभारी प्राचार्य सोनल नामदेव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा घर है और हम अपने अस्तित्व के लिए पूरी तरह इस पर निर्भर हैं. उन्होंने बताया कि पृथ्वी के संसाधन हमें भोजन और जीवन के लिए आवश्यक सभी वस्तुएं प्रदान करते हैं, इसलिए इसके संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयास आवश्यक हैं.उन्होंने यह भी कहा कि पृथ्वी की प्रणालियों में होने वाले छोटे-छोटे बदलाव भी मानव समाज और सभ्यता पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं. अंत में सभी उपस्थितों ने यह संकल्प लिया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत कार्य करते रहेंगे.वक्ताओं ने इस बात पर ोर दिया कि पृथ्वी की सुरक्षा ही जीवन की सुरक्षा का आधार है.

**पृथ्वी की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी**

**सलामतपुर, 22 अप्रैल.** वेलस्पन फाउंडेशन द्वारा शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सलामतपुर और हाईस्कूल बालमपुर में पृथ्वी दिवस मनाया गया. इस मौके स्कूल प्रांगण की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया. सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई .रिंकू दुबे द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत गीत ' पर्यावरण हम बचाएंगे, आओ मिलजुल के भाई गीत के साथ शुरुआत की गई. सीएसआर मैनेजर हरेंद्र सिकरवार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है और इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं. इस मौके पर वेलस्पन फाउंडेशन से हरेंद्र सिकरवार, निवसीड बचपन से रिंकू दुबे, ओमप्रकाश रायकवार,अंजू चौहान, रोशनी यादव, नेहा मेहरा, कशिश मेहरा, पूजा कुशवाहा आदि उपस्थित थे.

## एक नजर में



### देवी के 9 स्वरूपों की कथा का वाचन

**उदयपुरा, 22 अप्रैल.** श्रीमद् देवीभागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन देवी जी के 9 स्वरूपों के बारे में कथा का वाचन किया गया. कथा यजमान ध्रुव सिंह राजपूत एवं समस्त मेरी परिवार द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर कथा व्यास पंडित कैलाश शास्त्री ने बताया कि कई वर्षों के पुण्य उदय होते हैं तब जाकर ये देवी भागवत के कथा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है. इस आयोजन में भारी संख्या में श्रोतागन भाग ले रहे हैं



### उदयपुरा में जनगणना को लेकर हुई बैठक

**उदयपुरा, 22 अप्रैल.** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत के साथ ही प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. इसी क्रम में उदयपुरा तहसील कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जनगणना के तहत 'स्व-गणना' प्रक्रिया को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की गई. बैठक में संतोष मुद्गल एवं विपिन अग्रवाल ने बताया कि नागरिक अब दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से स्वयं अपनी जनगणना कर सकते हैं. उन्होंने सभी से अपील की कि वे न केवल स्वयं इस प्रक्रिया में भाग लें, बल्कि अपने परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अधिक से अधिक जागरूकता फैलाएं. बैठक में जनगणना से जुड़ी प्रक्रियाओं, आवश्यक दस्तावेजों और ऑनलाइन पंजीकरण की विधि पर विस्तार से चर्चा की गई. इस अवसर पर पटवारी, ब्लॉक अधिकारी और अन्य प्रशासनिक कर्मचारी, पत्रकार भी उपस्थित रहे. स्वास्थ्य विभाग की ओर से महेंद्र सिंह धाकड़ और गोविंद सिंह रघुवंशी भी उपस्थित थे.

### युवाओं को दिया जाएगा करियर मार्गदर्शन

**रायसेन, 22 अप्रैल.** रोजगार संचालनालय द्वारा मप्र शासन की करियर काउंसलिंग योजना के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से इच्छुक आवेदकों को करियर संबंधी मार्गदर्शन देने के लिए काउंसलर्स की टीम गठित की जा रही है .काउंसलर्स की टीम में एक मनोविज्ञानिक के अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए तीन विषय विशेषज्ञ रहेंगे काउंसलर बनने के लिए जिला रोजगार कार्यालय रायसेन में 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है.

# दीक्षा ले रहे बाल ब्रह्मचारी की निकली बिनोली यात्रा



**बेगमगंज , 22 अप्रैल. त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर हदाईपुर से ग्राम पठा निवासी बाल ब्रह्मचारी प्रशांत भैया की बिनोली यात्रा निकली .**

बाल ब्रह्मचारी प्रशांत भैया द्वारा मुनिश्री मार्दव सागर जी महाराज से 26 अप्रैल को श्री 1008 दिगंबर जैन सहचल सिद्ध क्षेत्र वेजन्तिगिरी पानी गांव जिला देवास में दीक्षा ली जा रही है. दीक्षा यात्रा नगर में निवासरत उनके मामा विजय जैन , अजय जैन खिरिया वालों के निवास स्थान निकली.1008 श्री पारसनाथ त्रिमूर्ति जैन मंदिर शाहपुर - हदाईपुर पहुंची. मुनि दीक्षा लेने वाले बाल ब्रह्मचारी प्रशांत भैया की गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न हुआ. प्रशांत भैया ने बताया गया कि मोक्ष मार्ग ही धर्म का मार्ग है.जिसे आत्मसात करना चाहिए.

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान

**एसडीएम ने दिलाया था ई-उपवास का संकल्प**

**बेगमगंज , 22 अप्रैल. एसडीएम सौरभ मिश्रा ने एसडीएम कार्यालय में नगर व क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया. गौरतलब है एसडीएम ने नगर सहित क्षेत्र के करीब 10 हजार विद्यार्थियों से मिलकर उन्हें ई- उपवास के लिए प्रेरित करते हुए भविष्य में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए दृढ़ संकल्प दिलाया था.**



सैकड़ों विद्यार्थियों ने एसडीएम मिश्रा की प्रेरणा से मोबाइल से दूरी बना ली और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया. इसके परिणामस्वरूप सीएम राइज स्कूल , सेंट थॉमस कान्वेंट हॉयर सेकंडरी स्कूल , महर्षि कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के 100 से ज्यादा विद्यार्थी टॉपर रहे. इनमें से अधिकांश विद्यार्थियों ने बताया कि एसडीएम द्वारा ई- उपवास के लिए प्रेरित किए जाने के कारण उन्होंने चार माह तक मोबाइल से दूरी बनाए रखी. इसलिए उन्हें अच्छी सफलता मिली है. इसके लिए उन्होंने एसडीएम सौरभ मिश्रा का धन्यवाद ज्ञापित किया है.

एसडीएम के हाथों सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में जेईई में चयनित शाद कुरैशी, अक्षय पटेल, आस्था जाट, शिवानी सोनी, महिमा गौर, कृष्णा चौरसिया ने बताया कि भविष्य में भी वह ई- उपवास का पालन करते हुए अपना लक्ष्य हासिल करेंगे. एसडीएम सौरभ मिश्रा ने 100 विद्यार्थियों सहित बीईओ राजेंद्र श्रीवास्तव , सीएम राइज स्कूल प्राचार्य बृजेश सिंह चौहान , सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल प्राचार्य सिस्टर मर्सी को भी शील्ड देकर सम्मानित किया.

# एसडीएम को बताई तुलाई की समस्या



**भारतीय किसान संघ ने की चर्चा**

**सिलवानी, 22 अप्रैल. गेहूं तुलाई में आ रही समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम हर्षल चौधरी से मुलाकात कर किसानों की परेशानियों से अवगत कराया.**

इस दौरान किसानों ने तुलाई केंद्रों पर हो रही अव्यवस्थाओं, देरी और अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया.

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि तुलाई प्रक्रिया में अनियमितता के कारण किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.उन्होंने मांग की कि तुलाई कार्य सुचारू रूप से कराया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो. एसडीएम हर्षल चौधरी ने आश्वासन दिया कि तुलाई व्यवस्था में जहां भी कमियां हैं, उन्हें शीघ्र दूर किया जाएगा.उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर व्यवस्थाओं में सुधार कराया जाएगा, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े.

## दीवानगंज में बाघ से नागरिकों की सुरक्षा के दिए निर्देश

**सलामतपुर, 22 अप्रैल.** रायसेन जिले के दीवानगंज क्षेत्र में बाघ के विचरण को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा दिशा-निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने कहा कि इन ग्रामों में कोई भी व्यक्ति रात्रि में अकेला भ्रमण न करें तथा आवश्यक हो तो ही सतर्कता रखते हुए समूह में घर से बाहर निकलें. ग्रामीण क्षेत्रों से लगे हुए वनक्षेत्रों में सतर्क रहें एवं ग्रुप में रहे जिससे जनहानि ना हो और बच्चों को अभिभावक स्कूल आते-जाते समय अकेले नहीं भेजें.इसी प्रकार समाचार पत्रों या सोशल मीडिया पर कोई भी व्यक्ति वनक्षेत्र से संबंधित अफवाह/संदेश प्रकाशित नहीं करेगा.कोई भी व्यक्ति अपने पालतू जानवर या गाय, भैंस, बकरी इत्यादि को वन क्षेत्रों से दूरी बनाकर अपने घर में सुरक्षित रखें.

# 3 बदमाश किसान का नोटों से भरा झोला उठाकर हुए फरार



**बेगमगंज , 22 अप्रैल. अपनी उपज बेचकर दुकान से घर का सामान ले रहे एक किसान का नोटों से भरा झोला लेकर बाइक सवार तीन बदमाश फरार हो गए..पुलिस ने मामला दर्जकर बदमाशों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार ग्राम पिपलिया बिचौली निवासी किसान अजय सिंह लोधी घर से गेंहू ,चना लेकर आए थे, जिसे उन्होंने अनाज व्यापारी राजू जैन को एक लाख 60 हजार में बेचा था. अजय सिंह व्यापारी से पैसे लिए घर जाने से पहले सागर रोड स्थित प्रमोद जैन किराना स्टोर दुकान से 10 हजार का गृहस्थी का सामान खरीदा .उसने एक लाख 60 हजार नोटों से भरा झोला पिकअप में रख दिया था. पहले से रेकी कर रहे बाइक सवार तीन बदमाशों अचानक आए और नोटों से भरा रखा झोला उठाकर फरार हो गए.पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी .

**आयोजन** ▶ यादव समाज के 11 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में बंधे

# विवाह सम्मेलन में दहेज प्रथा के खिलाफ दिया संदेश



**सिलवानी ,22 अप्रैल. यादव समाज विकास परिषद के तत्वावधान में नगर के कांठिया मंदिर परिसर में 38वां सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन सादगीपूर्ण एवं पारंपरिक वातावरण में संपन्न हुआ. इस अवसर पर समाज के 11 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधे.पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और सामाजिक एकता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली. इस मौके पर दहेज प्रथा के खिलाफ संदेश दिया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ. इसके पश्चात पंडित संजय शास्त्री ने विधिवत वैवाहिक संस्कार संपन्न कराए.मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधियों के बीच नवविवाहित जोड़ों ने सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया. समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की.

इस अवसर पर पूर्व विधायक रामपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, विधायक देवेंद्र पटेल एवं पूर्व मंत्री हर्ष यादव उपस्थित रहे.

अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यादव समाज शिक्षा, राजनीति, व्यापार और सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है.उन्होंने सामूहिक विवाह सम्मेलनों को सामाजिक एकता, सहयोग एवं आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बताया. सम्मेलन केवल विवाह आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक जागरूकता का मंच भी बना. वक्ताओं ने दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाते हुए सादगीपूर्ण विवाह को अपनाने की अपील की. साथ ही प्री-वेडिंग जैसे अनावश्यक खर्चों से बचने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया गया. कार्यक्रम के अंत में समाज अध्यक्ष दिनेश यादव ने सभी अतिथियों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया. इस आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम, भाजपा नेता विभोर नायक, पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण यादव, कांत यादव, प्रदीप कुशवाहा, सत्येंद्र यादव आदि उपस्थित थे.

# जल गंगा संवर्धन अभियान में नदी की सफाई

**जल चौपाल में जल संरक्षण पर हुई चर्चा**



**सिलवानी, 22 अप्रैल. जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत चंदन पिपालिया क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया. ग्राम बेरखेड़ी में कासिया नदी पर नवांकुर संस्था ग्राम पटना विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झामर के संयुक्त तत्वावधान में नदी के गहरीकरण और साफ-सफाई के लिए दो घंटे का श्रमदान किया गया. साथ ही ग्रामीणों की सहभागिता से जल चौपाल का आयोजन कर जल संरक्षण के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई.**

चौपाल में उपस्थित लोगों को संदेश दिया गया कि जल का उपयोग आवश्यकता के अनुसार ही करें और व्यर्थ बहने से रोकें.अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए समितियों से गांव के प्रमुख स्थानों पर दीवार लेखन करने का आग्रह किया गया.कार्यक्रम के दौरान पशु-पक्षियों के लिए जल पात्र की व्यवस्था करने और घरों तथा पेड़ों के आसपास पानी रखने की अपील भी की गई, ताकि भीषण गर्मी में जीव-जंतुओं को राहत मिल सके. इस श्रमदान कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक वीरेंद्र यादव सहित ग्रामीण सदस्य धन सिंह आदिवासी, धीर सिंह आदिवासी, वृंदावन आदिवासी, महेंद्र कुशवाहा (नवांकुर सह सचिव), राधेश्याम आदिवासी, अंतराम आदिवासी, वेणी सिंह, अभिषेक बर्करे, पप्पू उइकेय, काशी राम आदिवासी सहित समिति के अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई.